राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

## साध्वी ऋतम्भरा के मुख से श्रीमदभागवत कथा का शुभारम्भ

## भागवत कथा सुनने से व्यक्ति का आध्यात्मिक जागरण होता है – राज्यपाल

जयपुर, 2 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को साध्वी ऋतम्भरा के मुख से श्रीमदभागवत कथा के शुभारम्भ के अवसर पर विद्याधरनगर सेक्टर 7, अग्रसेन पार्क के सामने स्थित कथा स्थल पहुंचे और कथा श्रवण किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कथा आरम्भ होने से पूर्व दीप प्रज्ज्वलित किया। राज्यपाल ने कहा कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति का आध्यात्मिक जागरण होता है। उन्होंने कहा कि साध्वी ऋतम्भरा जी ने अपनी तपश्चर्या से आध्यात्मिक क्षेत्र में बहुत उच्च स्थान बनाया है और व्यासपीठ से उनके मुख से भागवत कथा का रसास्वादन करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है।

साध्वी ऋतम्भरा ने कथा का शुभारम्भ करते हुए कहा कि भागवत शास्त्र व्यक्ति की मुक्ति का नहीं बल्कि समष्टि के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला शास्त्र है । उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण व्यक्ति को सूक्ष्मता, अहंता और ममता के बंधन तोड़ कर ईश्वर की ओर प्रवृत्त करता है।

साध्वी ऋतम्भरा ने राज्यपाल को वात्सल्य ग्राम का मेमेंटो भी भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री अरुण चतुर्वेदी, कथा आयोजक श्री शिव कुमार गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा सुनी।

———